# भारी दबाव में कार्य करते हैं अधिकारी

## तनाव वाली सेवा भूमिकाओं में बर्नआउट की रोकथाम विषय पर संबोधित किया प्रहलाद ने

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 जून. पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि हमारे अधिकारी निरंतर भारी दबाव में जनसेवा का कार्य करते हैं, इसलिए उनकी भलाई और मानसिक स्वास्थ्य हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. मंत्री पटेल श्रम विभाग के अधिकारियों के लिए आयोजित उच्च-तनाव वाली लोक सेवा भूमिकाओं में बर्नआउट की रोकथाम, विषय पर एक विशेष ऑनलाइन सत्र को संबोधित कर रहे थे.**



मंत्री पटेल ने कहा कि कार्यस्थल पर तनाव से जुड़े फीडबैक तंत्र को लागू कर विभागीय टीमों की कार्यक्षमता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा. इस सत्र में राज्य से 79 वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया. दिनभर की भागदौड़, लगातार बजते फोन और फाइलों के दबाव से जूझने वाले अधिकारियों की मानसिक सेहत को सुदृढ़ बनाने और कार्यस्थल पर उनके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से यह सत्र आयोजित किया गया था. आर्डेन विश्वविद्यालय, लंदन की व्याख्याता और स्वास्थ्य मनोविज्ञान विशेषज्ञ सुश्री मुक्ति सिंह ठाकुर ने सत्र का मुख्य संचालन किया. उन्होंने एक व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन का हवाला देते हुए बताया कि अत्यधिक तनाव के साथ-साथ यह मानना कि तनाव सेहत बिगाड़ रहा है, मृत्यु के जोखिम को 43 प्रतिशत तक बढ़ा देता है. वहीं, जो लोग तनाव को हानिकारक नहीं मानते, उनमें ऐसा कोई खतरा नहीं देखा गया. सुश्री ठाकुर ने तनाव प्रबंधन का एक बेहद सरल और प्रभावी उपाय साझा किया. उन्होंने कहा कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में उद्वेलित होने से पहले महज 30 सेकंड का ठहराव लें और आस-पास की किसी आम चीज़, जैसे छत का पंखा, खिड़की या अपनी आती-जाती सांसों पर ध्यान केंद्रित करें.


> यह संक्षिप्त ठहराव मस्तिष्क को सुरक्षित होने का गहरा संकेत देता है, जिससे तंत्रिका तंत्र का झूठा अलार्म बंद हो जाता है. लंबी सांस छोड़ने और धीमी सांस लेने की यह प्राणायाम तकनीक दिल को शांत कर रक्तचाप को तुरंत नियंत्रित करती है. विशेषज्ञ सुश्री ठाकुर ने कहा कि रोज-रोज की अनियंत्रित तनावपूर्ण प्रतिक्रियाएं शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनालिन जैसे हार्मोन का स्तर बढ़ा देती हैं. यही स्थिति आगे चलकर उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और टाइप-2 मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों की छिपी वजह बनती है.

## ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को राजनांदगाँव से किया गया गिरफ्तार

**पन्ना.** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की पुलिस द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को छत्तीसगढ़ के राजनांदगाँव से गिरफ्तार किया गया है. पन्ना पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन पर साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमानगंज पुलिस एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त कार्रवाई में दो लाख 47 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को ग्राम डुण्डेरा थाना डोगरगढ जिला राजनांदगाँव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. मामले के संबंध में थाना पुलिस से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार फरियादी मस्तराम पाल निवासी ग्राम जैतुपुरा, थाना अमानगंज ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका एसबीआई बैंक अमानगंज में खाता संचालित है.

# आदिवासी मुद्दों पर राष्ट्रपति करें हस्तक्षेप

### जीतू पटवारी ने लिखा पत्र



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 जून. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर प्रदेश के आदिवासी समुदायों से जुड़े सामाजिक, आर्थिक और विकासात्मक मुद्दों के समाधान के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है. राष्ट्रपति के मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान भेजे गए इस पत्र में उन्होंने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के रूप में उनका स्वागत करते हुए आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों और समावेशी विकास सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की है.**

पत्र में पटवारी ने उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश देश की सर्वाधिक आदिवासी आबादी वाला राज्य है, जहां लगभग 1.53 करोड़ अनुसूचित जनजाति के लोग निवास करते हैं, जो राज्य की कुल आबादी का करीब 21 प्रतिशत हैं. इसके बावजूद कई आदिवासी बहुल जिले विकास के प्रमुख मानकों पर अभी भी पिछड़े हुए हैं.

उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में कम साक्षरता दर, विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा की खराब स्थिति, स्कूलों में शिक्षकों की कमी, छात्रावासों की बदहाल व्यवस्था और उच्च शिक्षा तक सीमित पहुंच पर चिंता व्यक्त की. साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की कमजोर स्थिति, कुपोषण, एनीमिया, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर तथा कमजोर जनजातीय समूहों में तपेदिक (टीबी) के बढ़ते मामलों का भी उल्लेख किया.

> पटवारी ने बेरोजगारी, पलायन, गरीबी और महंगाई को आदिवासी परिवारों के सामने बड़ी चुनौतियां बताते हुए महिलाओं के खिलाफ अपराध, मानव तस्करी, भूमि विवाद तथा आदिवासी कल्याण संबंधी कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में कमियों का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के लिए विशेष शिक्षा एवं स्वास्थ्य मिशन, शिक्षकों और चिकित्सा कर्मियों की समयबद्ध भर्ती, वनाधिकार कानून का प्रभावी क्रियान्वयन, आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास कार्यक्रम तथा ट्राइबल सब-प्लान निधियों के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की. साथ ही राष्ट्रपति से आदिवासी प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय विकास एजेंडा के केंद्र में रखने का आग्रह किया.

# प्राध्यापक को राहत नहीं

▸ अमर्यादित बहस पर वकील पर दस हजार जुर्माना

**जबलपुर, 18 जून. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने कर्मचारी संघ के पदाधिकारी होने के आधार पर वर्षों तक तबादले से छूट पाने वाले एक प्राध्यापक को राहत नहीं दी है. एकलपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का सामान्य हिस्सा है और कार्यकाल पूरा होने के बाद कर्मचारी अपनी पसंद की जगह पर बने रहने का अधिकार नहीं रख सकता.**

चूंकि उक्त तबादलें पर किसी प्रकार के कानून का उल्लंघन नहीं हुआ है और पूरी कार्रवाई प्रशासनिक है, इसलिये उस पर दखल नहीं दिया जा सकता. सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के विरुद्ध अमर्यादित भाषा के प्रयोग पर न्यायालय ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता पर दस हजार का जुर्माना लगा दिया है. उक्त निर्देश के साथ हाईकोर्ट ने डॉ. एमयू सिद्दीकी की वह याचिका निरस्त कर दी है, जिसमें उन्होंने सिंगरौली के शासकीय राजनारायण स्मृति महाविद्यालय बैढ़न से कटनी जिले के बहोरीबंद महाविद्यालय किए गए तबादले को चुनौती दी थी.

याचिकाकर्ता ने कहा कि वे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी हैं, उनके वृद्ध माता-पिता हैं, उनके निर्देशन में आठ शोधार्थी कार्यरत हैं तथा करीब 800 विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी.

# कर्मचारियों को जारी होगी प्रोत्साहन राशि

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 18 जून. भारत सरकार द्वारा शुक्रवार को नई दिल्ली विज्ञान भवन सहित भोपाल के मैनिट में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएमवीबीआरवाई) के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त रौशन कश्यप ने यह जानकारी एक प्रेस वार्ता में दी.**



उन्होंने बताया कि श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आगामी 19 जून को प्रधानमंत्री डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से देश के लाभार्थियों को करीब 2400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे. उन्होंने क्षेत्रीय आयुक्त ने मध्यप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में जानकारी देते हुए बताया कि इस देशव्यापी कार्यक्रम के तहत पूरे देश में 200 स्थानों पर क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं. जिनमें मध्यप्रदेश के दो प्रमुख स्थान मैनिट सभागार भोपाल और एचईजी मंडीदीप शामिल हैं. वहीं मैनिट सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास और रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल और भोपाल की महापौर मालती राय उपस्थित रहेंगी.


> **कर्मचारियों को होंगे ये फायदे**
> जो कर्मचारी ईपीएफओ के तहत पंजीकृत हैं और मासिक वेतन 1 लाख रुपये तक है. उन्हे दो किस्तों में अधिकतम 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा दी जायेगी. राशि का सारा भुगतान आधार ब्रिज पेमेंट सिस्टम के जरिए सीधे कर्मचारी के बैंक खाते में भेजा जायेगा.

## ग्वालियर के उपभोक्ताओं को 76 लाख रुपये की छूट

**ग्वालियर.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान करते हुये मई में ग्वालियर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कुल 59477 उपभोक्ताओं को 76 लाख 82 हजार रुपये की रियायत प्रदान की गई है. कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी विद्युत खपत के आधार पर टाइम ऑफ डे योजना के अंतर्गत यह छूट प्रदान की गई है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने गुरुवार को बताया कि कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत उपभोक्ताओं को सोलर ऑवर में बिजली उपयोग करने पर विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है.

# भाकपा यूसीसी के विरोध में

**भोपाल, 18 जून. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदेश सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की पहल का विरोध करते हुए कहा है कि जनता को समान नागरिक संहिता नहीं, बल्कि 'समान आर्थिक संहिता' की आवश्यकता है.**



भाकपा के राज्य सचिव शैलेन्द्र शैली ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, कुपोषण और गरीबी जैसे मुद्दे अधिक गंभीर हैं. उनका आरोप है कि सरकार जनता का ध्यान इन मूलभूत समस्याओं से हटाने के लिए समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा रही है. उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं, लेकिन नियुक्तियां नहीं की जा रही हैं. साथ ही पेट्रोलियम पदार्थों और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर करों के कारण महंगाई बढ़ रही है. भाकपा का कहना है कि सरकार को पहले आर्थिक समानता और बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना चाहिए. पार्टी ने यह भी कहा कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता में जनजातीय समुदायों को दायरे से बाहर रखा गया है जिससे इस पर प्रश्न खड़े होते हैं.

# एक रात में ट्रैक्टर-बाइक चोरी करने वाले पांच गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, गोविंदगढ़ पुलिस ने एक ही रात में ट्रैक्टर और मोटर साइकिल चोरी की वारदात का खुलासा कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

चोर गिरोह का जाल प्रयागराज तक फैला है. पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है. आरोपियों से करीब 12 लाख रुपये का मशरूका बरामद हुआ है. आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया. जानकारी के मुताबिक 15-16 जून की दरम्यानी रात ग्राम मड़वा में फरियादी नीलेश रजक का पावर ट्रैक ट्रैक्टर और कुछ दूरी पर अजय सिंह की हीरो स्मार्ट बाइक चोरी हो गई थी. रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की. पकड़े गए 4 संदेहियों ने पूछताछ में दोनों चोरी कबूल की. उनकी निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर हंडिया प्रयागराज से और बाइक खजुहा खुर्द रायपुर कर्चुलियान से जब्त की गई. बाइक बेचने में शामिल एक अन्य व्यक्ति को भी आरोपी बनाया गया है. घटना में प्रयुक्त बोलेरो भी पुलिस ने बरामद की है. गिरफ्तार आरोपियों में रमेशचन्द्र दुबे 45 वर्ष खजुरी थाना कोरांव प्रयागराज, शरद पाण्डेय, 29 वर्ष, वघमड़ा थाना गुढ़, अजीत वर्मा उर्फ अजय, 29 वर्ष, पंखा टोला शंकरगढ़, प्रयागराज, राजीव कुमार पाण्डेय, 21 वर्ष, नौवस्ता थाना चोरहटा रीवा, अमरीश द्विवेदी, 22 वर्ष, खजुहा थाना गुढ़, रीवा शामिल है. सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है.

# स्पिंज ने मध्य प्रदेश में लॉन्च किया नया डी-टैन फेस पैक

▸ अब सिर्फ 15 मिनट में पाएँ टैन-फ्री और दमकती त्वचा

नवभारत न्यूज

**सतना (मध्य प्रदेश) 18 जून केविनकेयर के लोकप्रिय स्किनकेयर ब्रांड स्पिंज ने मध्य प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए अपना नया स्पिं? डी-टैन फेस पैक पेश किया है। यह आसान और प्रभावी फेस पैक केवल 15 मिनट में त्वचा से टैन हटाकर उसे सैलून जैसी चमक देने का दावा करता है।**




इस लॉन्च के साथ स्पिंज ने अपनी स्किनकेयर श्रृंखला को और मजबूत किया है, जिसे पहले से ही स्पिं? बीबी क्रीम और भारत के पहले बीबी फेस पाउडर जैसी नवाचारपूर्ण पेशकशों के लिए उपभोक्ताओं का भरपूर प्यार मिला है। गर्मियों के मौसम और ब?ती धूप के कारण त्वचा पर टैनिंग एक आम समस्या बन चुकी है, जिससे चेहरा बेजान और बेरंग दिखाई देने लगता है। ऐसे में स्पिं? का नया डी-टैन फेस पैक त्वचा की प्राकृतिक चमक को सिर्फ 15 मिनट में लाने में मदद करता है। खास बात यह है कि यह फेस-पैक केवल डी10 की किफायती कीमत पर उपलब्ध है, जिससे बेहतर स्किनकेयर अब हर उपभोक्ता की पहुँच में है। स्पिंज डी-टैन फेस पैक में नो-ब्लीच फॉर्मूला का उपयोग किया गया है, जो त्वचा को बिना किसी कठोर प्रभाव के साफ और निखरा हुआ बनाता है। इसमें बेसन, शहद और कोजिक जैसे प्रभावी तत्व शामिल हैं। बेसन त्वचा की गहराई से सफाई कर अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाने में मदद करता है, शहद त्वचा को नमी और पोषण प्रदान करता है, जबकि कोजिक त्वचा की रंगत को बेहतर बनाने और पिगमेंटेशन को कम करने में सहायक होता है।

इन तीनों का संयोजन त्वचा को टैन से मुक्त कर प्राकृतिक चमक और 100प्रत. गारंटीड सैलून जैसा निखार प्रदान करता है

## प्रथम पेज का शेष

### क्षत्रपों का कुनबा बचाने की जद्दोजहद

राजनीतिक जानकारों की मानें तो इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक सिरा परिसीमन विधेयक से जुड़ता दिखाई दे रहा है. क्योंकि अप्रैल 2026 में संसद में लाया गया परिसीमन विधेयक विशेष बहुमत के अभाव में अटक गया था. सूत्र बता रहे हैं कि मानसून सत्र या शीतकालीन सत्र में सरकार इस विधेयक को दोबारा लाकर आगामी लोकसभा चुनावों से पहले देश की राजनीतिक सीमाओं को पुनर्गठित करना चाहती है, जिसके तहत लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करने का प्रस्ताव है. महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने और नए सिरे से निर्वाचन क्षेत्रों को तय करने वाले इस विधेयक को पारित कराने के लिए संसद में दो तिहाई बहुमत यानी 362 वोट अनिवार्य है. ऐसे में विपक्षी खेमे में मची यह भगदड़ सरकार को उस जादुई आंकड़े के करीब ले जा सकती है, जहां वह बिना किसी क्षेत्रीय गतिरोध के इस कानून को अमलीजामा पहना सके. हालांकि उक्त बगावत के संदर्भ में कुछ विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय दलों के प्रथम परिवार की निरंकुशता व एकाधिकार कई वरिष्ठ व महत्वाकांक्षी नेताओं को बगावत के लिए मजबूर करता रहा है, ऐसे में इस भगदड़ और टूट के पीछे सिर्फ एक कारण को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है. बहरहाल, विपक्षी दलों की यह आंतरिक उथल-पुथल भारतीय राजनीति को एक बड़े बदलाव की ओर धकेल रही है. क्योंकि लोकतंत्र की खूबसूरती एक मजबूत सरकार के साथ-साथ एक सजग और एकजुट विपक्ष में ही निहित होती है.

## रेलवन ऐप के माध्यम से टिकट पर मिल रही छूट

**भोपाल.** रेलवे के 'रेलवन ऐप' को एक समग्र प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित किया है. इस ऐप पर अनारक्षित टिकटों की बुकिंग करने वाले यात्रियों को 14 जुलाई तक प्रयोगात्मक तौर पर 3 प्रतिशत की छूट दी जा रही है. टिकट, ट्रेन ट्रैकिंग, शिकायत और फूड ऑर्डर जैसी सभी सेवाएं एक ही ऐप पर उपलब्ध. रेलवे ई-वॉलेट सुविधा से यात्रियों को डिजिटल भुगतान का अतिरिक्त लाभ. रेलवन ऐप के माध्यम से आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, लाइव ट्रेन स्टेटस, टिकट रद्दीकरण, धनवापसी, रेल मदद, शिकायत निवारण और ट्रेन में भोजन बुकिंग जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं.

# सेमरिया कस्बे में युवक पर चाकू से हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, जिले के सेमरिया कस्बे में बीती रात्रि तकरीबन 9 बजे एक युवक को घर से बाहर बुलाकर आधा दर्जन की संख्या में मौजूद युवकों ने चाकू से हमला करते हुए जमकर मारपीट की. घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

घटना के संबंध में घायल शिवम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 9 बजे वह घर के अंदर था इसी दौरान समीर खान पीयूष पांडे सहित अन्य युवक तीन बाइक से आए और उसे आवाज देकर घर के बाहर बुलाया. शिवम ने बताया कि जैसे ही वह घर से बाहर आया तो आरोपियों ने कुछ दूर ले जाकर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज शुरू कर दी. इसी दौरान पीछे से एक आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया. घटना के बाद हल्ला गोहार सुनकर लोगों को आता देख सभी आरोपी फरार हो गए जबकि घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना के पीछे की वजह क्या है फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाई है.

# मऊगंज जिला अस्पताल में मरीजों की जान से खिलवाड़

▸ सफाईकर्मी लगा रही थी इंजेक्शन, चढ़ा रही थी स्लाइन, वीडियो वायरल होने पर जांच के आदेश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, मऊगंज जिला की सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. जिला बनने के करीब तीन साल बाद भी अस्पताल में व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ सकी हैं. सिविल अस्पताल के जनरल वार्ड में एक महिला सफाईकर्मी का मरीजों को इंजेक्शन लगाने और स्लाइन यानी बाटल चढ़ाने का काम करती हुई कैमरे में कैद हो गई. वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है.**

जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 1:45 बजे सिविल अस्पताल के ओपीडी स्थित जनरल वार्ड में एक महिला मरीजों को इंजेक्शन लगाते और सलाइन चढ़ाते हुए दिखाई दी. उक्त महिला एक-दो नहीं बल्कि लगातार कई मरीजों को इंजेक्शन लगाती नजर आई. पूछताछ में महिला की पहचान नेहा शर्मा के रूप में हुई. बताया गया कि वह अस्पताल में स्वच्छता व्यवस्था और अन्य सहयोगी कार्यों से जुड़ी हुई है. स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का आरोप है कि वह अक्सर अस्पताल में इंजेक्शन लगाने और बोतल चढ़ाने का काम करती है. सबसे बड़ा सवाल यह है कि अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद एक गैर-अधिकृत कर्मचारी मरीजों का उपचार संबंधी कार्य कैसे कर रही थी. स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बिना प्रशिक्षण के इंजेक्शन लगाने या सलाइन चढ़ाने से मरीजों की जान को गंभीर खतरा हो सकता है. मामला सामने आने के बाद ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रद्युम्न शुक्ला ने जांच कराने की बात कही है.

उनका कहना है कि संबंधित महिला किसके निर्देश पर यह काम कर रही थी और इसकी अनुमति किसने दी, इसकी जांच की जाएगी. जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. वहीं कलेक्टर संजय कुमार जैन ने भी मामले को गंभीर बताया है. उन्होंने कहा कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है और प्रथम दृष्टया यह कार्य गलत प्रतीत होता है. कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी और बीएमओ को तत्काल जांच एवं कारवाई के निर्देश दिए हैं.

# महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 18 जून. मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र निरस्त किए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं।**

प्रदर्शनकारियों ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने को लोकतांत्रिक मूल्यों और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर हमला बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। आंदोलन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट की ओर मार्च करने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें रास्ते में ही रोक दिया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने लिंक रोड क्रमांक-1 स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रकट किया। प्रदर्शन में फरजाना खान, संतोष कंसाना, महक राणा, अनीता शर्मा, राजकुमारी केवट, चंदा चौहान, यशोदा पांडे, नीतू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए.

## सांसद राहुल लोधी का जनसंपर्क अभियान तेज

**दमोह.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी का विशेष जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है. सांसद लोधी ने रहली विधानसभा क्षेत्र के गढ़ाकोटा नगर, गढ़ाकोटा ग्रामीण व बलेह मंडल में प्रबुद्धजनों से आत्मीय संवाद किया. इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित व समाजसेवी व्यक्तित्वों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया.सम्मानित होने वालों में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक पी.एल. पटैल व आर.आर. रावत भी शामिल हैं.

# दिल्ली से रीवा लग्जरी गाड़ी में लाई जा रही नशीली कफ शिरफ़ पकड़ाई

## रीवा के 2 तस्कर गिरफ्तार 3 फरार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 18 जून, उत्तर प्रदेश की नोएडा पुलिस ने फिल्म सिटी के पास से नशीली कफ सिरप की तस्करी करने वाले रीवा के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 7 लाख 25 हजार रुपये कीमत की 3600 शीशी अवैध कफ सिरप बरामद की है. यह खेप एक लग्जरी फॉर्च्यूनर कार में भरकर लाई जा रही थी.**

एसीपी प्रवीण सिंह ने बताया कि सेक्टर-20 थाना पुलिस और यातायात पुलिस ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर चेकिंग कर रही थी.

इसी दौरान फिल्म सिटी से रजनीगंधा चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर एक्सप्रेसवे से उतरने वाले लूप के पास एक संदिग्ध फॉर्च्यूनर कार को रोका गया. जिसकी तलाशी ली गई तो कार से 15 बोरों में रखी भारी मात्रा में अवैध कफ सिरप बरामद हुई. बरामद कफ सिरप ओनेरेक्स 100 एमएल ब्रांड की है, जिसकी कुल 3600 शीशियां मिली हैं. पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पीयूष वर्मा और कपिल विश्वकर्मा निवासी करहिया थाना चोरहटा रीवा के रूप में हुई है. प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दोनों आरोपी नशीली कफ सिरप की खेप को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का काम करते थे. पुलिस को शक है कि इसके पीछे एक अंतरराज्यीय नेटवर्क सक्रिय है, जो युवाओं तक नशे की सामग्री पहुंचा रहा है. मामले में गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है और पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है.

**न्यायालय, आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय सतना म0प्र0**

प्रकरण कमांक 19/26 डब्लू सी वि0
पेशी दिनांक-24.06.2026

श्रीमती केशरबाई
- बनाम -
राजकुमार जैन व अन्य

**सूचना-पत्र**

उपरोक्त प्रकरण में आपको / सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बालकृष्ण की अनावेदक राजकुमार जैन के ट्रक वाहन में चालन के दौरान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी और अनावेदक द्वारा क्षतिपूर्ति धन रु. 1391109/- मृतक के आश्रितों में वितरण के लिए जमा कराया है।
उपरोक्त प्रकरण में क्षतिपूर्ति धन के वितरण हेतु सुनवाई दिनांक 24.06.2026 को नियत की गई है।
अतः जो व्यक्ति/आप कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत मृतक के आश्रित हों तो वह सुनवाई दिनांक 24.06.2026को ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र एवं साक्ष्य नियमानुसार प्रस्तुत करें।
मृतक के आश्रित होने के प्रमाण हेतु स्थानीय मजिस्ट्रेट कलेक्टर या किसी शासकीय विज्ञप्ति अधिकारी द्वारा स्वयं का चित्र सत्यापित करवाकर पहचान हेतु प्रस्तुत करें। यदि हो तो मृतक के नाबालिग बच्चों को भी साथ ले आवे। साथ ही मृतक के आश्रित का स्थानीय पंचायत या नगर पालिका का प्रमाण पत्र एवं दो गवाह भी ले आवे।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 22.04.26 को जारी किया गया।

अदालत की मुद्रा

**अभिषेक कुमार त्रिपाठी
आयुक्त कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधि0
श्रम न्यायालय सतना म0प्र0**

**नाम संशोधन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं बसंत कुमार श्रीवास्तव (BASANT KUMAR SHRIVASTAVA) पुत्र श्री इन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव निवासी वार्ड क्र. 12 तेलियान टोला घुरेहटा, पो0 मऊगंज जिला - मऊगंज (म0प्र0) 486331 है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड नंबर- 742365596445 में नाम वंशिका श्रीवास्तव (VANSHIKA SHRIVASTAVA) है व अन्य दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम चारू श्रीवास्तव (CHARU SHRIVASTAV) है। भविष्य में मेरी पुत्री को चारू श्रीवास्तव (CHARU SHRIVASTAV) के नाम से ही जाना और पहचाना जाय।
प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम चारू श्रीवास्तव (CHARU SHRIVASTAV) के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा, सुना, समझा एवं अभिलेखों में दर्ज किया जावे.

**चारू श्रीवास्तव (CHARU SHRIVASTAV)
बसंत कुमार श्रीवास्तव (BASANT KUMAR SHRIVASTAVA)**

**नाम संशोधन सूचना**

मै प्रवीण उपाध्याय पिता श्री मतगेन्द्र उपाध्याय, उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम छिपिया पोस्ट फूल तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज म.प्र. का निवासी होकर बहलफ सूचित कर रहा हूं कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड नंबर 441948755868 में उसका नाम रामनारायण उपाध्याय (Ramnarayan Upadhyay) दर्ज है जिसे बदलकर मैने उसका नाम लक्ष्य उपाध्याय (Lakshya Upadhyay) कर लिया है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र व मार्कशीट में दर्ज है. अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड में दर्ज नाम रामनारायण उपाध्याय ((Ramnarayan Upadhyay)) के स्थान पर लक्ष्य उपाध्याय (Lakshya Upadhyay) किया जाए जो सत्य एवं सही है.

**प्रवीण उपाध्याय पिता श्री मतगेन्द्र उपाध्याय**

**कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर जिला मैहर (म.प्र.)**

Ph. No. 07674-299073 CBSE AFFI. No-1020027
Email - emrsmaihar@gmail.com SCHOOL CODE-52027 DISE CODE-23130217805
क्रमांक/ई.एम.आर.एस./2026-27/ 148 मैहर, दिनांक 18-06-26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सत्र 2026-27 के माह जून 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर हेतु दुध, मांस (चिकन), अण्डा के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर/निर्माता/आपूर्तिकर्ता/कम्पनियों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।
निविदा दस्तावेज/प्रपत्र दो रूपये प्रति कॉपी के हिसाब से प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर के कार्यालय से दिनांक 20/06/2026 से 29/06/2026 अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। सीलबंद निविदायें भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजी जा सकती है। निर्धारित तिथि समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदायें क्रय समिति के समक्ष दिनांक 30/06/2026 को प्रात: 11.00 बजे प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी। स्थानीय डीलर/आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।
अधोहस्ताक्षरकर्ता/क्रय समिति किसी भी निविदा को आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार रखते हैं।

**प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैहर
जिला-मैहर म0प्र0**